The Institute of Chartered Financial Analysts of India University, Jharkhand

Press Release

रांची
22/**09**/**2020**

इकफ़ाई विश्वविद्यालय, झारखंड में कैम्पस प्लेसमेंट सीज़न का शुरुवात

कैम्पस प्लेसमेंट सीज़न की शुरुआत इकफ़ाई विश्वविद्यालय, झारखंड में हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओआरएस राव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी अंतिम वर्ष के छात्रों को संबोधित किया।

प्रो ओआरएस राव ने नए स्नातकों के लिए वर्तमान जॉब मार्केट में चुनौतियों के बारे में बताते हुए कहा, की "कोविद-19 महामारी के कारण, अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र तनाव और व्यवधान से गुजर रहे हैं। सभी संगठन डिजिटल परिवर्तन से गुजर रहे हैं। इसलिए, आप सभी छात्रों को न केवल अच्छे कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त करने के लिए बल्कि एक पेशेवर के रूप में सफल होने के लिए डिजिटल कौशल हासिल करना होगा। सभी छात्रों को व्यावसायिक नेटवर्किंग और आत्म-विकास के लिए लिंक्डइन सोशल मीडिया का उपयोग करना चाहिए। "एक सफल कैरियर बनाने में सक्षम करने के लिए, कई प्रासंगिक स्व-शिक्षण मॉड्यूल हमारे स्वाध्याय डिजिटल लर्निंग सिस्टम पर अपलोड किए गए हैं। प्रो राव ने कहा की इनमें डिजिटल स्किल, एप्टीट्यूड टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन में भाग लेना, पर्सनल इंटरव्यू अटेंड करना आदि शामिल हैं।

कुलसचिव प्रो अरविंद कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "वर्तमान अभूतपूर्व स्थिति को देखते हुए, हमारा विश्वविद्यालय आपके करियर की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कई नया पहल कर रहा है, लेकिन आपको अपना करियर खुद बनाना होगा और विश्वविद्यालय के साथ सहयोग करना होगा।

सभी छात्रों ने विश्वविद्यालय की नई पहल के लिए खुशी व्यक्त की। प्रोफेसर सुमित सिन्हा, संकाय प्रभारी कैम्पस प्लेसमेंट और अन्य संकाय सदस्यों ने भी छात्रों के साथ बातचीत में भाग लिया।

=====